## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (22.05.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:22.05.2025, PAGE-04

# बढ़ेगी स्नातक विशेष परीक्षा की तिथि

- 28 मई की परीक्षा आगे बढ़ाने पर हो रहा विचार
- 28 को ही होनी है बीएड की प्रवेश परीक्षा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर स्नातक पार्ट टू की विशेष परीक्षा की तारीख बढ़ाई जायेगी। तारीख बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, परीक्षा विभाग की तरफ से अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

बीएड की प्रवेश परीक्षा 28 मई को है और पार्ट टू की परीक्षा भी उसी दिन पड़ रही है। सेंटर आपस में मिल जाने से परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाई जा सकती है। उधर, बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए विवि में तैयारी तेज हो गई है। राजभवन के अधिकारियों ने बुधवार को नोडल अफसरों के साथ ऑनलाइन बैठक की और परीक्षा के लिए दिशा निर्देश दिये। गुरुवार को सभी केंद्राधीक्षकों के साथ परीक्षा के नोडल प्रो. टीके डे बैठक करेंगे। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर में 29 केंद्र बनाये गये हैं। इनमें 19 छात्राओं के लिए और 10 छात्रों के लिए हैं। परीक्षा में 18 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर एक ऑब्जर्वर और 22 फ्लाइंग स्क्वायड की तैनाती की जा रही है।

## बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए बनाये गये केंद्र

जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज, डॉ. राम मनोहर लोहिया कॉलेज, आरबीबीएम कॉलेज, विवि हिन्दी विभाग और सोशल साइंस ब्लाक 2, रामेश्वर कॉलेज, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, परीक्षा हॉल, एलएस कॉलेज आर्ट्स ब्लाक, चैपमैन स्कूल, बीपी इंद्रप्रस्थ स्कूल, एमडीडीएम कॉलेज, श्यामनंदन सहाय कॉलेज, जिला स्कूल, वैशाली इंस्टीट्यूट, रघुनाथ पांडेय मेमोरियल कॉलेज, एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज, राम जानकी स्वामी सहजानंद कॉलेज, एलपी शाही इंटर कॉलेज, एमएसकेबी कॉलेज आदि।

## परीक्षा केंद्र पर लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

बीएड प्रवेश परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर छात्रों की बायोमेट्रिक हाजिरी लगेगी। इसकी जानकारी प्रवेश परीक्षा के राज्य नोडल अफसर प्रो. अशोक मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होगी। इस वर्ष परीक्षा केन्द्रों के शहरों में विशिष्ट पर्यवेक्षक के रूप में राजभवन से अधिकारी नहीं जाएंगे। बायोमेट्रिक की व्यवस्था नोडल विश्वविद्यालय द्वारा की गई है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर जैमर की भी व्यवस्था है। यह प्रवेश परीक्षा बिहार परीक्षा अधिनियम 1981 के तहत संपन्न होगी।

**Ref:....................** **Date:.........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:22.05.2025, PAGE-04

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयार किया शिक्षकों का ब्योरा

# कॉलेजों में शिक्षक तय पद से अधिक, होगा तबादला

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के कई कॉलेजों में स्वीकृत सीट से अधिक शिक्षक हो गये हैं। इन कॉलेजों में नियमित शिक्षकों के योगदान के बाद अतिथि शिक्षकों को दूसरे कॉलेज नहीं भेजा गया। स्वीकृत सीट से अधिक शिक्षक होने पर कई अंगीभूत कॉलेजों ने इसकी शिकायत विवि प्रशासन से की है।

इन कॉलेजों के प्राचार्यों का कहना है कि स्वीकृत सीट से अधिक शिक्षक होने से ऑडिट में हमें परेशानी हो सकती है, इसलिए जो भी अतिरिक्त शिक्षक हैं, उन्हें दूसरे कॉलेजों में भेज दिया जाये। बीआरएबीयू के रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार का कहना है कि जल्द ही इसपर कार्रवाई की जायेगी।

विश्वविद्यालय सूत्रों ने बताया कि जून महीने में अतिरिक्त शिक्षकों का तबादला दूसरे कॉलेजों में किया जायेगा। बीआरएबीयू प्रशासन ने दिसंबर में ही सभी कॉलेजों से स्वीकृत सीट और उसपर काम कर रहे शिक्षकों की सूची मांगी थी। विवि ने किस कॉलेज में कितने शिक्षक काम कर रहे हैं इसकी सूची बना ली है।

# राशि नहीं देने वाले कॉलेजों में एडमिशन पर लगेगी रोक

- 30 से अधिक कॉलेजों ने अब तक विवि को जमा नहीं की राशि
- कुलपति ने विवि के रजिस्ट्रार को दिए सख्ती बरतने के निर्देश

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 30 से अधिक कॉलेजों ने अब तक विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की राशि जमा नहीं है। इन कॉलेजों में इस वर्ष स्नातक के नामांकन पर रोक लगेगी। इसकी जानकारी रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने बुधवार को दी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा फॉर्म भराकर राशि नहीं जमा करने वाले कॉलेजों पर कुलपति ने सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। कई बार रिमाइंडर देने के बाद भी कॉलेजों ने परीक्षा फॉर्म की राशि नहीं जमा की। विश्वविद्यालय प्रशासन अब इसे कॉलेजों की लापरवाही मान रहा है।

बीआरएबीयू के 30 से अधिक कॉलेजों ने राशि नहीं जमा की है। इनमें से 13 कॉलेज स्नातक विशेष परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। कहा कि राशि का जमा नहीं होना वित्तीय अनियमितता है। इस संबंध में उन्होंने परीक्षा नियंत्रक से भी जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक को जल्द इन कॉलेजों से राशि वसूलने का निर्देश दिया है।

रजिस्ट्रार ने परीक्षा नियंत्रक को निर्देश दिया कि ईमेल भेजकर सभी कॉलेजों को राशि जमा करने के बाद रिपोर्ट देने को कहें। कॉलेजों के द्वारा राशि जमा नहीं करने का मामला स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के समय पकड़ में आया था। रजिस्ट्रार ने जांच कर देखा कि 50 से ज्यादा कॉलेजों ने परीक्षा फॉर्म की राशि नहीं जमा की है। दिलचस्प बात है यह है कि जिस परीक्षा का रिजल्ट भी जारी कर दिया गया उसकी भी फॉर्म की राशि कॉलेज ने अब तक जमा नहीं की है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:22.05.2025, PAGE-04



बीआरएबीयू में बुधवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने रिटायर होनेवाले कर्मियों को सम्मानित किया और उन्हें पीपीओ का पत्र सौंपा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. बीएस राय, पेंशन पदाधिकारी डॉ. अमानुल्लाह, सहायक कुलसचिव पीके सरकार, प्रशाखा पदाधिकारी राघवेन्द्र सिंह, सहायक खुर्शीद आलम और राजेश कुमार के साथ लाभार्थी प्रो. रामानंद सिंह, किशुन महतो , चंद्रदेव मंडल, शिव शरण हाजरा, अनुसेवक, राजेश्वर पाठक, सोटर आदि थे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 22.05.2025, PAGE-04

# सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मियों को मिला सेवांत लाभ

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय व कालेजों में पिछले दिनों सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों व कर्मचारियों को सेवांत लाभ और पीपीओ लेटर देकर फूल-माला से स्वागत किया गया। कुलपति प्रो.डीसी राय ने सभी कर्मचारियों व शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो.बीएस राय, पेंशन पदाधिकारी डा.अमानुल्लाह, सहायक कुलसचिव पीके सरकार, प्रशाखा पदाधिकारी राघवेन्द्र सिंह, सहायक खुर्शीद आलम, राजेश कुमार के साथ प्रो.रामानंद सिंह, किशुन महतो, चंद्रदेव मंडल, शिव शरण हाजरा, राजेश्वर पाठक, नसार अहमद, गजेन्द्र प्रसाद सिंह, चंदेश्वर राय, पवन कुमार ठाकुर, विनय कुमार, अजय कुमार, अशर्फी मंडल थे। कुलपति प्रो.डीसी राय ने कहा कि विश्वविद्यालय सेवानिवृत्ति तिथि पर तमाम सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों को सभी सेवांत लाभ व पेंशन आर्डर दिया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 22.05.2025, PAGE-04

# पैट 2023 और 2024 के लिए 26 से आनलाइन आवेदन, जुलाई में प्रवेश परीक्षा

**12 जून तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन, विश्वविद्यालय ने जारी की अधिसूचना**

**जिन विषयों में नामांकन के लिए सीटें उपलब्ध उसी के लिए होगा पीएचडी एडमिशन टेस्ट, वंचित अभ्यर्थी भी कर सकेंगे आवेदन**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पैट (पीएचडी एडमिशन टेस्ट) 2023 और 2024 के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 26 मई से शुरू होगी। पैट 2023 के लिए अब तक किसी कारणवश आवेदन से वंचित अभ्यर्थी आवेदन कर पाएंगे। वहीं पैट 2024 के लिए भी अभ्यर्थी 26 मई से 12 जून तक आवेदन करेंगे। इसको लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने इसकी अधिसूचना जारी की है। कुलपति के निर्देश के बाद पैट 2023 के लिए दुबारा पोर्टल खोले जाने का निर्देश जारी किया गया है। जुलाई में प्रवेश परीक्षा होगी। सामान्य अभ्यर्थियों को आनलाइन आवेदन शुल्क के रूप में तीन हजार रुपये देने होंगे। वहीं ओबीसी, ईबीसी,एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस और महिलाओं को दो हजार रुपये का शुल्क देना होगा। सभी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ही आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। पैट 2024 केवल उन्हीं विषयों के लिए होगा जिसमें नामांकन के लिए रिक्ति उपलब्ध होगी। पीजी में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी पैट के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं एससी, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और अन्य कैटेगरी के अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत अंक की छूट प्रदान की गई है। वहीं यूजीसी सेवन प्वाइंट स्केल के आधार पर बी ग्रेड प्राप्त अभ्यर्थियों को भी इसमें शामिल होने की अनुमति होगी।

**करीब एक दर्जन विषयों में नहीं होंगी सीटें** : विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन विषयों में नामांकन के लिए सीटें उपलब्ध नहीं होंगी उसमें पैट का आयोजन नहीं होगा। ऐसे में करीब एक दर्जन ऐसे विषय होंगे जिसमें सीटों की संख्या या तो नहीं होगी या काफी कम होगी। बताया जा रहा है कि कामर्स, समाजशास्त्र, कंप्यूटर एप्लीकेशन, संगीत समेत अन्य विषयों में सीटें उपलब्ध नहीं होंगी। वैसे विभागों से प्राप्त रिक्ति के आधार पर ही इसकी पूरी जानकारी मिल सकेगी।



### विश्वविद्यालय जारी करेगा विषयवार रिक्ति

पैट 2023 और 2024 से पहले विश्वविद्यालय की ओर से विषयवार रिक्ति जारी की जाएगी। सभी पीजी विभागों से विषयवार खाली सीटों की जानकारी 24 मई तक उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया गया है। पैट के नोडल अधिकारी प्रो. वीएस राय ने बताया कि सभी पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा गया है। 24 मई तक विषवार रिक्ति का प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना है। विषयवार रिक्ति की जानकारी विश्वविद्याय के वेबसाइट पर भी डाला जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:22.05.2025
PAGE-04

## वोकेशनल कोर्स की छात्राओं को मिलेगा लाभ

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्सों में नियमानुकूल नामांकन की प्रक्रिया पूरा होने पर ही छात्राओं को कन्या उत्थान योजना का लाभ मिलेगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों को निर्देश जारी किया गया है। बीबीए, बीसीए में नामांकन के लिए एआइसीटीई की ओर से निर्धारित गाइडलाइन का पालन अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर एआइसीटीई के मानकों का पालन करने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए अभी आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 22.05.2025, PAGE-04

# पैट 23 और 24 के लिए 26 से आवेदन

**पीएचडी एडमिशन**

## अधिसूचना : एडमिशन टेस्ट जुलाई में हो जायेगा

पीएचडी एडमिशन टेस्ट जुलाई में होगा. पीजी में न्यूनतम 55 % अंक या यूजीसी के सेवन प्वाइंट स्केल में बी ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आवेदन के लिए पात्र माने जायेंगे. एससी,एसटी, इबीसी व ओबीसी कोटि के विद्यार्थियों को पांच %की छूट दी है. सामान्य कोटि के विद्यार्थियों से तीन हजार रुपये आवेदन शुल्क लिया जायेगा. वहीं ओबीसी, इबीसी, एससी-एसटी, इडब्ल्यूएस व सभी महिला अभ्यर्थियों को दो हजार रुपये आवेदन शुल्क देना होगा. बता दें कि कई विषयों में 23 पैट के लिए भी काफी कम सीटें हैं. ऐसे में पैट 24 में आधा दर्जन से अधिक विषयों में रिक्ति नहीं रहने की संभावना है.



### जिन विषयों में रहेगी रिक्ति उसी में होगा नामांकन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू एक साथ दो सत्रों के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट आयोजित करेगा. इसकी अधिसूचना जारी हुई है. पैट 23 व 24, दोनों सत्रों के लिए 26 मई से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खुला रहेगा.

**26 मई से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खुला रहेगा**

### आवेदन पोर्टल के जरिये

वीसी के आदेश से जारी पत्र में कहा गया है कि वैसे छात्र जो पैट 23 के लिए आवेदन नहीं कर सके थे, वे विवि के आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं. इसके साथ ही पैट 24 के लिए भी आवेदन लिया जायेगा.पैट 24 में उन्हीं विषयों के लिए आवेदन लेंगे, जिनमें सीटें खाली रहेंगी. सामान्य कोटि के विद्यार्थियों से तीन हजार रुपये आवेदन शुल्क लिया जायेगा.

□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें

# प्रवेश परीक्षा की तैयारी की हुई समीक्षा

**बीएड व शिक्षा शास्त्री**

- □ बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी
- □ कुलपति ने की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक
- □ परीक्षा 28 मई की सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक

**दरभंगा.** दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई. इसमें कुलपति ने कहा कि लनामिवि 2020 से सीईटी-बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता आ रहा है. इसे स्वच्छ, शुचितापूर्ण एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न कराने में सफल रहा है. सफल बनाने में नोडल यूनिवर्सिटी आब्जर्वर्स, यूनिवर्सिटी नोडल ऑफिसर्स एवं केन्द्रीय समन्वयक-सह-पर्यवेक्षकों की भूमिका प्रमुख रही है. विश्वविद्यालय ने हर वर्ष कमियों को सुधारते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया है. उन्होंने कहा कि 2025 की परीक्षा भी आप सभी के सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न होगी. परीक्षा केन्द्रों के शहरों में विशिष्ट पर्यवेक्षक के रूप में राजभवन से अधिकारी नहीं जाएंगे. इसलिए आप सभी पर महती जिम्मेदारी है कि परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न हो.कुलपति ने कहा कि आप सभी पूरी कोशिश करेंगे कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र का भौतिक निरीक्षण कर निर्देशानुसार सभी तैयारी पूरी कर ली गई है, इससे आश्वस्त हो लेंगे. कुलपति एवं उपस्थित कोर कमिटी के सदस्यों ने सीईटी-बीएड 2025 परीक्षा के लिए निर्देशिका का भी विमोचन किया. राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं नोडल यूनिवर्सिटी आब्जर्वर, यूनिवर्सिटी नोडल आफिसर एवं केन्द्रीय समन्वयक-सह-पर्यवेक्षक की भूमिकाओं की चर्चा की. केन्द्रीय समन्वयक-सह-पर्यवेक्षक 25 मई को निर्धारित शहर के लिए रवाना होंगे. वे गोपनीय सामग्री (प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका) को छोड़कर परीक्षा संबंधित अन्य सामग्रियों को लेकर अपने शहर के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पहुंचाएंगे. संबंधित विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी नोडल ऑफिसर एवं जोनल कॉर्डिनेटर से समन्वय स्थापित कर परीक्षा की तैयारी से संतुष्ट हो लेंगे.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR,
DATE: 22.05.2025, PAGE-04

## सेवानिवृत्त कर्मियों को पीपीओ व सेवांत लाभ



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में विभिन्न कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सेवांत लाभ व पीपीओ लेटर दिया गया. वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय ने कर्मचारियों को माला पहना उन्हें सम्मानित किया. कुलानुशासक डॉ बीएस राय, पेंशन पदाधिकारी डॉ अमानुल्लाह, सहायक कुलसचिव पीके सरकार, प्रशाखा पदाधिकारी राघवेन्द्र सिंह, सहायक खुर्शीद आलम, राजेश के साथ लाभार्थी जमुनी लाल कॉलेज हाजीपुर के गणित विभागाध्यक्ष डॉ रामानंद सिंह, श्रीकिशुन महतो, चंद्रदेव मंडल, शिव शरण हाजरा, राजेश्वर पाठक, नसार अहमद, गजेन्द्र सिंह, चंदेश्वर राय, पवन ठाकुर, विनय, अजय व असरफी मौजूद रहे.

## वोकेशनल कोर्स की छात्राओं को मिलेगा लाभ

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिला लेने वाली छात्राओं को भी मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ दिया जाएगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों को पत्र भेजकर दिशानिर्देश दिया गया है. कहा गया है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानदंडों के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें. स्वीकृत सीटों पर ही नामांकन लें. इसबार से वोकेशनल कोर्स की छात्राओं को भी कन्या उत्थान योजना का लाभ मिलेगा. बता दें कि वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए प्रक्रिया चल रही है. 30 मई तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन होगा. पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी. 15 जून से दाखिला लिया जाएगा.